◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

माननीय कमिश्नर महोदय जबलपुर के स्थगन आदेश की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसे रुकवाने के संबंध में शिकायत



आवेदक होतीलाल जाटव पिता। स्व बारेलाल जाटव निवासी आमगांव छोटा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर का है। आवेदक का नाम से भूमि आमगांव छोटा में है जिसका खसरा नंबर 244/2रकवा 0.061है जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है तथा अनावेदक महेश कुमार चौधरी पिता बुद्धि लाल चौधरी निवासआमगांव छोटा के नाम से खसरा नंबर 244/3व 245रकवा 0.012 व 0.049 हे. भूमि अनावेदक ने गलत तरीके से नक्शा कटवा कर आवेदक की भूमि पर मकान का निर्माण कार्य कर रहा है जिससे आवेदकने तहसीलदार गाडरवारा एसडीएम महोदय गाडरवारा तथा कमिश्नर महोदय जबलपुर को अपील की है जैसे स्थगन आदेश भी मिला है जिसका लंगर करते हुए निर्माण कार्य कर रहा है तथा उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई न होने के कारण आवेदक को जान से मारने की धमकी देता है तथा गंदी-गंदी गालियां देता है अतः महोदय जी से निवेदन है कि जल्द से जल्द से कार्रवाई करने की कृपा करें।

— Gaurav Des Choudhury

स्वास्थ्य

22 नवंबर को जिलेभर में पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की दवा



जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 22 से 24 नवंबर तक किया जाएगा। अभियान के प्रथम दिवस रविवार 22 नवंबर को जिलेभर में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए दो बूंद दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद 23 एवं 24 नवंबर को अभियान के दौरान दवा पीने से छूटे बच्चों को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

प्रभारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र पंवार ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 2040 पोलियो बूथ चिन्हित किए गए हैं। अभियान में 4190 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 2 लाख 59 हजार 835 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान ने जिले के समस्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को अभियान से संबंधित पूर्व निर्धारित गतिविधियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

डॉ. चौहान ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे 0 से 5 वर्ष तक के अपने सभी बच्चों को 22 नवंबर को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं। साथ ही अभियान में सहयोग कर पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार बनाने में सहभागी बनें।

— Rajkumar Kaithwas

जीवनशैली

सफलता की कहानी मेहनत और आजीविका मिशन के सहयोग से योगिता केवट बनीं लखपति दीदी



मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मिशन के सहयोग और स्वयं की मेहनत से जिले के विकासखंड बड़वाह के ग्राम बकावा निवासी श्रीमती योगिता नारायण केवट ने मजदूरी से शुरुआत कर आज लखपति दीदी बनने तक का सफर तय किया है।

श्रीमती योगिता केवट विगत 10 वर्षों से दूसरों के घरों में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं। उनके पति नर्मदा नदी से पत्थर लाकर देते थे, जिनसे योगिता शिवलिंग निर्माण का कार्य करती थीं। परिवार में तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। तीनों बच्चे सनावद में अध्ययनरत हैं। सीमित आमदनी के कारण परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उस समय परिवार की मासिक आय मात्र 5 से 6 हजार रुपये थी।

वर्ष 2018 में आजीविका मिशन के माध्यम से उन्हें स्वयं सहायता समूह की जानकारी मिली और वे समूह से जुड़ गईं। समूह की नियमित बैठकों में सहभागिता के साथ उन्होंने बचत और ऋण गतिविधियों में भी भाग लेना शुरू किया। कोरोना संक्रमण के दौरान लॉकडाउन में शिवलिंग निर्माण का कार्य बंद हो गया, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हुई। ऐसे कठिन समय में मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के अंतर्गत उन्हें बैंक से 10 हजार रुपये का ऋण मिला। इस राशि से उन्होंने दोबारा शिवलिंग निर्माण का कार्य शुरू किया।

आजीविका मिशन के माध्यम से समूह को 10 हजार रुपये की रिवॉल्विंग फंड राशि प्राप्त हुई, जिसमें से श्रीमती योगिता केवट ने 5 हजार रुपये का ऋण लिया। इसके बाद बैंक से 60 हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर शिवलिंग निर्माण के लिए मशीनें खरीदीं। इससे उनके काम की क्षमता और उत्पादन में वृद्धि हुई। वहीं, आजीविका ग्राम संगठन के माध्यम से समूह को 75 हजार रुपये की सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) भी प्राप्त हुई, जिससे समूह की आर्थिक गतिविधियों को और मजबूती मिली।

श्रीमती योगिता केवट ने अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के साथ बैंक बीसी (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट) के रूप में भी कार्य शुरू किया। वे ग्रामीण क्षेत्र में विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन तथा जन-धन खातों से राशि का भुगतान करने के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बचत खातों से लेन-देन की सुविधा उपलब्ध करा रही हैं। बैंक में नियमित लेन-देन और बेहतर कार्य के चलते बैंक द्वारा उन्हें 2 लाख रुपये का व्यक्तिगत ऋण भी प्रदान किया गया, जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय का और विस्तार किया।

आज श्रीमती योगिता केवट की मासिक आमदनी बढ़कर 20 से 25 हजार रुपये तक पहुंच गई है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और बच्चे भी बेहतर तरीके से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही उनका स्वयं सहायता समूह शासकीय उचित मूल्य की दुकान का सफल संचालन भी कर रहा है।

श्रीमती योगिता केवट की यह सफलता बताती है कि ग्रामीण आजीविका मिशन से मिलने वाला सहयोग, स्वयं सहायता समूह की ताकत और महिलाओं की मेहनत मिलकर आत्मनिर्भरता की नई राह बना सकते हैं। मजदूरी से शुरुआत कर लखपति दीदी बनने तक का उनका सफर ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।

— Rajkumar Kaithwas

खेल

निमाड़ उत्सव में कबड्डी, कुश्ती, मेहंदी, रंगोली और नौका सज्जा प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन



जिले के विकासखंड महेश्वर में 24 से 26 नवंबर तक निमाड़ उत्सव 2026-27 का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें जिला स्तरीय ओपन कबड्डी, कुश्ती, मेहंदी, रंगोली एवं नौका सज्जा प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

प्रतियोगिताओं में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कबड्डी के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 5 हजार एवं 3 हजार रुपये दिए जाएंगे। कुश्ती के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 3 हजार एवं 1500 रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी।

इसी प्रकार नौका सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 21 हजार, 11 हजार एवं 5 हजार रुपये दिए जाएंगे। रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 1100, 700 एवं 300 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन की अंतिम तिथि 21 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। पंजीयन एवं अन्य जानकारी के लिए श्रीमती अनिता हिरवे मोबाइल नंबर 9753502010 तथा श्रीमती राजश्री श्रीवास्तव मोबाइल नंबर 9669990521 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा।

— Rajkumar Kaithwas

खेल

खेलो खरगोन के तहत भगवानपुरा में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद के निर्देशन में जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से आयोजित खेलो खरगोन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान भगवानपुरा में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, एसडीएम श्री सत्येंद्र बैरवा, जनपद अध्यक्ष श्री महेंद्र किराड़े सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आकर्षक पुष्प रंगोली बनाकर आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया गया।

जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती कंचन डोंगरे ने बताया कि प्रतियोगिता में पांच खेल विधाओं 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक एवं लंबी कूद का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन किया।

समापन अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सुमेर सिंह जाधव एवं जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती कंचन डोंगरे ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अधिकारी श्री सुमेर सिंह जाधव एवं जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती कंचन डोंगरे ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बास्केटबॉल कोच श्री यू.एस. रावत, खेल शिक्षक श्री सुरेश चंद्र हिरवे, समन्वयक श्री जितेंद्र हिरवे, श्रीमती अरुणा खोडे, श्रीमती स्वाति शर्मा, श्री अब्दुल समद सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, पंचायत सचिव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

— Rajkumar Kaithwas

स्थानीय

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस सोलंकी ने ग्रामीण विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की



जिला पंचायत सीईओ श्री सोलंकी ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजना एवं कार्यों की समीक्षा

प्रधानमंत्री आवास, वीबी-जी राम जी, सुगम संपर्कता सहित विभिन्न योजनाओं में समय-सीमा में प्रगति के दिए सख्त निर्देश

अनुपस्थित सचिवों का एक दिवस का वेतन अवैतनिक करने के निर्देश

आगर मालवा, दिनांक 16 नवंबर 2026। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बीएस सोलंकी ने सोमवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली । बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर सख्त दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के

सभी स्वीकृत आवासों में 90 दिवस की मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करें, सभी जनपद पंचायतें आवास पूर्णता का प्रतिशत बढ़ाते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। आवास पूर्णता में अपेक्षित प्रगति नहीं आने पर संबंधितों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी, और संबंधित सचिव एवं सरपंच के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि

प्रत्येक ग्राम पंचायत द्वारा आगामी 5 वर्षों की कार्ययोजना तैयार की जाए। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत स्तर पर योजना का अनुमोदन सुनिश्चित किया जाए। 15 जनवरी 2027 तक समस्त प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाए। समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

सुगम संपर्कता सड़क

जिला पंचायत सीईओ श्री सोलंकी ने

सभी 20 सुगम संपर्कता सड़कों के लिए एएस एवं टीएस की कार्यवाही तत्काल पूर्ण करने और सभी स्वीकृत एवं चिन्हित स्थलों पर निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा किसभी जनपद पंचायतें कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर समय-सीमा में प्रगति सुनिश्चित करें।

वीबी-जी राम जी योजना

योजना अंतर्गत नवीन कार्यों की स्वीकृति जारी कर तत्काल कार्य प्रारंभ कराया जाए। पूर्ण कार्यों की जियो टैगिंग सुनिश्चित की जाए। कुल 16,222 कार्यों में से 14,381 कार्यों की जियो टैगिंग पूर्ण हो चुकी है तथा शेष कार्य एक सप्ताह में पूर्ण किए जाएं। सभी श्रमिकों की ई-केवाईसी पूर्ण कराई जाए। वर्तमान प्रगति 74.16 प्रतिशत है, जिसे एक सप्ताह में शत-प्रतिशत किया जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में योजना अंतर्गत न्यूनतम 5 निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ किए जाएं। कार्यों को केवल स्वीकृति तक सीमित न रखते हुए धरातल पर प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं शेड निर्माण कार्य

मुख्यमंत्री अधोसंरचना के कार्यों की समीक्षा की गई। 70 शेड निर्माण कार्यों की पूर्णता की समीक्षा में मात्र 10 कार्य पूर्ण पाए गए। शेष कार्यों में से 80 प्रतिशत कार्य आगामी 7 दिवस में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए।

जल गंगा संवर्धन अभियान 3.0

15 नवंबर से प्रारंभ जल गंगा संवर्धन अभियान 3.0 अंतर्गत अधिक से अधिक जल संरचनाओं के निर्माण एवं प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए।

अपूर्ण भवन एवं अन्य निर्माण कार्य -

सभी अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों एवं पंचायत भवनों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। पोषण वाटिका का निर्माण एवं विकास सुनिश्चित किया जाए। आंगनबाड़ी भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग एवं शौचालय निर्माण के कार्य पूर्ण कराए जाएं।

5वें एवं 15वें वित्त आयोग के कार्य

ग्राम पंचायतों में 5वें एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। सभी अपूर्ण निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए गए। कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) -

एसबीएम अंतर्गत आईएचएचएल के कुल 3,946 प्रकरणों में से 1,748 का चिन्हांकन किया जाना शेष है। सभी जनपद पंचायतों को शेष चिन्हांकन कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वॉश ऑन व्हील्स अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से प्रतिदिन व्यक्तिगत शौचालय (आईएचएचएल) की 5 मांग एवं 2 सार्वजनिक शौचालयों की मांग दर्ज कराई जाए। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों की सफाई हेतु भी मांग दर्ज कराई जाए। मैदानी अमले का निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग -

सीईओ जनपद, एसडीओ, सब इंजीनियर, एडीईओ एवं पीसीओ नियमित रूप से ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगे। भ्रमण के दौरान निर्माण कार्यों एवं योजनाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नोटकैम से फोटो लेकर संबंधित ग्रुप में अनिवार्य रूप से साझा किए जाएंगे।

बैठक में अनुपस्थित सचिवों पर कार्रवाई -

बैठक में अनुपस्थित सचिवों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए एक दिवस अवैतनिक (बिना वेतन) करने के निर्देश दिए गए। भविष्य में बिना पूर्व अनुमति के बैठक से अनुपस्थित रहने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

सीईओ श्री सोलंकी ने कहा कि समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपरोक्त सभी बिंदुओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करें। आगामी समीक्षा बैठक में सभी बिंदुओं पर ठोस प्रगति परिलक्षित होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं और कार्यों के क्रियांवन में उदासीनता एवं लापरवाही तथा अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी साथ ही योजनाओं के क्रियांनवयन में रुचि नहीं लेने वाले और प्रगति नहीं लाने वाली ग्राम पंचायत के सरपंचों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

— Govardhan

वेदा नदी किनारे अवैध मदिरा निर्माण के ठिकानों पर आबकारी विभाग की दबिश



कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री ब्रजेन्द्र कोरी के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 नवंबर को आबकारी वृत्त भीकनगांव की टीम ने वेदा नदी किनारे ग्राम अदलपुरा एवं मछलगांव क्षेत्र में अलसुबह दबिश देकर अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की।

प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष श्री सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान वृत्त प्रभारी एवं आबकारी उपनिरीक्षक श्री सार्थक वर्मा द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), (च) के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई में 90 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 4110 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया। जब्त महुआ लहान के नमूने लेकर शेष लहान मौके पर ही नष्ट किया गया। प्रकरणों में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

जब्त अवैध मदिरा एवं सामग्री का अनुमानित मूल्य 4 लाख 24 हजार 500 रुपये आंका गया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती अंशिता राठौर, मुख्य आरक्षक श्रीमती संता चौहान, श्री रणजीत वर्मा, श्री मनोहर सिंह बुंदेला तथा आरक्षक श्री रमेश मोर, श्री राजू डूडवे एवं श्री ऋषिकेश मालवीय का विशेष योगदान रहा।

आबकारी विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

— Rajkumar Kaithwas

शिक्षा

विद्यार्थियों को संवैधानिक अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 14 से 20 नवम्बर 2026 तक ‘न्यायोत्सवः विधिक सप्ताह’ 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 17 नवम्बर को एक्सीलेंट एकेडमी, मंडलेश्वर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चन्द्रेश मण्डलोई ने विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को संवैधानिक अधिकारों, कानूनों एवं आधुनिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें संवाद और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाना है।

इस दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल अधिकार, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाले पॉक्सो अधिनियम एवं बाल श्रम निषेध कानून के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि वे किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध जागरूक होकर अपनी आवाज उठा सकें।

इंटरनेट के बढ़ते उपयोग को देखते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग से बचाव तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के संबंध में भी समझाइश दी गई। इसके अलावा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, सुरक्षित वाहन संचालन तथा यातायात नियमों के पालन का संकल्प दिलाया गया।

सुनिश्चित करने के लिए समूह चर्चा, प्रश्नोत्तरी एवं संवाद गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने विचार साझा किए तथा कानून से जुड़े सवाल पूछकर उनका समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को कानून का पालन करने और समाज में विधिक जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन एक्सीलेंट एकेडमी के सलाहकार श्री उम्मेदसिंह पटेल ने किया। शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

— Rajkumar Kaithwas

अनूपपुर में कुएं में लाश की सीक्रेट कहानी : क्या किसी ने मारकर फेंक दी लाश; लाठी-जूते दिखे तो पुलिस को बुलाया, कांटे से निकाला शव



दिनकर कुमार महरा, अनूपपुर। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में कुएं में गिरने से 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना चचाई थाना क्षेत्र के चंदवार गांव में सोमवार रात की है। कुएं में बुजुर्ग की लाठी और जूते दिखाई देने पर परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों ने कांटे की मदद से शव को बाहर निकाला।

नक्शे देखें

मृतक की पहचान भगवतदीन सिंह, पिता स्वर्गीय हुलासी सिंह श्याम, निवासी चंदवार के रूप में हुई है। मंगलवार सुबह पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

कुएं में गिरने की आवाज सुनकर परिजनों को दी सूचना

मृतक के बड़े बेटे राजेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार शाम वह अनूपपुर से मजदूरी करके घर लौटे थे। उनके पिता मोहल्ले में घूमने गए थे। रात करीब 8 बजे छोटे भाई की बेटी सपना ने बताया कि घर के पीछे बाड़ी में बने कुएं में कोई गिर गया है। उसने पानी में गिरने की तेज आवाज सुनी थी।

इसके बाद राजेंद्र के छोटे भाई और दो अन्य परिजन कुएं में उतरे। कुएं में करीब 12 से 15 फीट पानी था। काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें कोई नहीं मिला।

कुएं में गिरने की आवाज सुनकर परिजनों को दी सूचना

मृतक के बड़े बेटे राजेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार शाम वह अनूपपुर से मजदूरी करके घर लौटे थे। उनके पिता मोहल्ले में घूमने गए थे। रात करीब 8 बजे छोटे भाई की बेटी सपना ने बताया कि घर के पीछे बाड़ी में बने कुएं में कोई गिर गया है। उसने पानी में गिरने की तेज आवाज सुनी थी।

इसके बाद राजेंद्र के छोटे भाई और दो अन्य परिजन कुएं में उतरे। कुएं में करीब 12 से 15 फीट पानी था। काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें कोई नहीं मिला।

लाठी और जूते दिखे तो डायल 112 को बुलाया

राजेंद्र सिंह के मुताबिक, कुएं में उनके पिता की लाठी और जूते दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने रात करीब 10 बजे डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।

चचाई थाने के विवेचक प्रधान आरक्षक शिव प्रसाद के मुताबिक, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने कुएं में कांटा डालकर तलाश शुरू की। कपड़े कांटे में फंसने के बाद शव को खींचकर बाहर निकाला गया।

रातभर घर में रखा रहा शव, सुबह पोस्टमॉर्टम

रात होने के कारण शव को घर में रखा गया। मंगलवार सुबह चचाई पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा और पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की गई। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह खेती-किसानी के साथ मजदूरी भी करते हैं। परिवार में दो भाई हैं। उनकी मां रामबाई की आठ साल पहले मौत हो चुकी है। पिता भगवतदीन उनके साथ ही रहते थे।

ही कुआं है। उसके चारों ओर करीब तीन फीट ऊंची जगत बनी हुई है। रात में अंधेरा होने के कारण उनके पिता को देखने में परेशानी होती थी।

— Dinkar Kumar Mahara

जिला प्रशासन की खनिज कार्रवाई या सिर्फ खानापूर्ति? सुखाड़



जिला प्रशासन की खनिज कार्रवाई या सिर्फ खानापूर्ति? सुखाड़ में 500 घन मीटर रेत विनष्ट, गिट्टी परिवहन वाहन जप्त; पर जमीनी हकीकत पर उठ रहे सवाल

शहडोल, 17 नवंबर 2026:

कलेक्टर श्री पार्थ जायसवाल के निर्देशन और खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ब्यौहारी तहसील के ग्राम सुखाड़ और मऊ में अवैध खनिज भंडारण व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की है। हालांकि, कागजी आंकड़ों और प्रशासनिक दावों के बीच स्थानीय स्तर पर इस तरह की कार्रवाईयों की स्थिरता और प्रभावशीलता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कार्रवाई का आधिकारिक ब्यौरा

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज खनिज विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ब्यौहारी तहसील अंतर्गत ग्राम सुखाड़ में औचक जांच की। जांच के दौरान विभिन्न स्थानों पर कुल लगभग 500 घन मीटर खनिज रेत का अवैध भंडारण पकड़ा गया। मौके पर मौजूद टीम ने जेसीबी मशीन के माध्यम से रेत में मिट्टी मिलवाकर उसका विनष्टीकरण किया। यह कार्रवाई प्रभारी खनिज निरीक्षक द्वारा पुलिस बल के सहयोग से पूरी की गई।

इसके अलावा, टीम ने ग्राम मऊ में कार्रवाई करते हुए खनिज गिट्टी का अनधिकृत रूप से परिवहन कर रहे एक वाहन (क्रमांक: MP18H9105) को पकड़ा। जप्त किए गए वाहन को ब्यौहारी तहसील परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है और खनिज नियमों के तहत आगे की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

दिखावटी कार्रवाई और सिस्टम की कार्यशैली पर सवाल

प्रशासन भले ही अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगाम कसने के दावे कर रहा हो, लेकिन मैदानी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आती है। क्षेत्र में चर्चा है कि खनिज विभाग द्वारा की जाने वाली इस तरह की कार्रवाईयां अक्सर कुछ दिनों की कागजी औपचारिकता या महज "दिखावा" साबित होती हैं।

विदित हो कि जब तक जिला प्रशासन द्वारा ठोस, स्थाई और निरंतर मॉनिटरिंग तंत्र विकसित नहीं किया जाता, तब तक इस प्रकार की इक्का-दुक्का छापामार कार्रवाईयों के कुछ ही दिनों बाद रेत और गिट्टी के अवैध कारोबार फिर से बदस्तूर शुरू हो जाते हैं। जनता और स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग का मानना है कि जब तक अवैध कारोबारियों और उनके संरक्षकों पर कठोर व निरंतर शिकंजा नहीं कसा जाएगा, तब तक खनिज संपदा की इस अवैध लूट पर रोक लगना असंभव है।

— Manjur Mansoori Saif Khan

सुखाड़ में 500 घन मीटर रेत विनष्ट, गिट्टी परिवहन वाहन जप्त—खनिज कार्रवाई पर उठे सवाल



कलेक्टर श्री पार्थ जायसवाल के निर्देशन और खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ब्यौहारी तहसील के ग्राम सुखाड़ और मऊ में अवैध खनिज भंडारण व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की। जांच के दौरान लगभग 500 घन मीटर खनिज रेत का अवैध भंडारण पकड़ा गया और टीम ने जेसीबी मशीन के माध्यम से रेत में मिट्टी मिलाकर उसका विनष्टकरण किया। यह कार्रवाई प्रभारी खनिज निरीक्षक द्वारा पुलिस बल के सहयोग से पूरी की गई।

ग्राम मऊ में कार्रवाई करते हुए टीम ने खनिज गिट्टी का अनधिकृत रूप से परिवहन कर रहे एक वाहन (क्रमांक: MP18H9105) को पकड़ा। जप्त किया गया वाहन ब्यौहारी तहसील परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है और खनिज नियमों के तहत आगे की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगाम कसने के दावे के बावजूद, क्षेत्र में चर्चा है कि ऐसी कार्रवाईयां अक्सर कुछ दिनों की कागजी औपचारिकता या दिखावा साबित होती हैं। जब तक जिला प्रशासन द्वारा ठोस, स्थायी और निरंतर मॉनिटरिंग तंत्र विकसित नहीं किया जाता, तब तक रेत और गिट्टी के अवैध कारोबार फिर से शुरू हो जाते हैं।

जनता और स्थानीय प्रबुद्ध वर्ग का मानना है कि अवैध कारोबारियों और उनके संरक्षकों पर कठोर व निरंतर शिकंजा नहीं कसा जाएगा तो खनिज संपदा की इस अवैध लूट पर रोक लगाना असंभव है।

— राजभान कुशवाहा

स्थानीय

दमोह के कलेक्टर ने अधिकारियों को चेतावनी दी: शिकायतों का समय पर निवारण अनिवार्य



दमोह के जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनका निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति की शिकायत पर समय रहते कार्रवाई नहीं की जाती है या शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सीधे कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने वेतन कटौती से लेकर निलंबन तक की कार्रवाई के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इन सख्त निर्देशों से लापरवाह अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है और अब देखना होगा कि इन निर्देशों के बाद आम जनता की शिकायतों के निराकरण में कितनी तेजी आती है।

— Buddhi Prakash Mali

बड़ोद में ईशान पब्लिक स्कूल ने मनाया बिरसा मुंडा की जन्म जयंती, धरती आबा का जयकारा गूंजा



बड़ोद (जिला आगर मालवा) में स्थित ईशान पब्लिक स्कूल ने सोमवार को जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई। पूरा स्कूल परिसर 'जय धरती आबा, जय बिरसा मुंडा' के नारों से गूंज उठा।

मुख्य वक्ता सुनीता सूर्यवंशी ने छात्रों के सामने बिरसा मुंडा के संघर्ष की कहानी सुनाई, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे अंग्रेजों ने आदिवासियों की जमीनें हड़पीं, जबरन वसूली की और अत्याचार किया। बिरसा मुंडा ने मिशनरी स्कूल से निकाले जाने के बाद भी हार नहीं मानी और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी शासन के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंका।

8वीं कक्षा के छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, मंच से बिरसा मुंडा के जीवन, उनके उलगुलान आंदोलन और जल, जंगल, जमीन के लिए किए गए संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया। छोटे-छोटे बच्चों के मुंह से धरती आबा की वीर गाथा सुनकर सभी शिक्षक और उपस्थित लोग तालियां बजाने पर मजबूर हो गए।

कार्यक्रम का सबसे धमाकेदार पल तब आया, जब छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर लेकर भव्य रैली निकाली। बच्चों के जोश और अनुशासन को देखकर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी गदगद हो गईं। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा।

— Govardhan

राजनीति

शामगढ़ में भाजपा ओबीसी मोर्चा ने जंबो कार्यकारिणी घोषित, नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत



शामगढ़, मंदसौर – भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के शामगढ़ मंडल अध्यक्ष ईश्वरसिंह तंवर ने आज शामगढ़ मंडल की नई जंबो कार्यकारिणी की घोषणा की।

नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, सह कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, प्रशिक्षण प्रभारी, शासन की योजनाएं एवं प्रचार-प्रसार प्रभारी, नीति एवं शोध प्रभारी, लाभार्थी प्रमुख, मन की बात कार्यक्रम प्रभारी और आईटी सेल प्रभारी सहित कुल 18 पदाधिकारी नियुक्त किये गये।

घोषणा के पश्चात नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यकर्ताओं में उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया और सभी ने संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

इस गठन और स्वागत से शामगढ़ मंडल में भाजपा ओबीसी मोर्चा की संगठनात्मक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

— Buddhi Prakash Mali

मंदसौर मंडी में किसान परिवारों ने जाम और हंगामे के कारण पुलिस को बुलाया



मंडसौर मंडी में आज सुबह से शाम तक किसान परिवारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ट्रैक्टर, ट्राली और पिकअप वाहनों के इंधन पंप से लेकर कृषि उपज मंडी के प्रवेश द्वार तक लंबा जाम बन गया, जिससे आम नागरिकों को भी बाधा उत्पन्न हुई।

मंडी में लगातार बिगड़ती व्यवस्था के कारण पुलिस को कई बार बुलाना पड़ा। किसान परिवारों ने प्रवेश द्वार पर गेट लगाकर विरोध किया, जिससे देर रात तक हंगामा जारी रहा।

लंबे अवकाश के बाद सोमवार को मंडी फिर से खुली, परन्तु स्थिति बिगड़ते ही जिला प्रशासन ने एसडीएम मंदसौर को अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था तैनात करने का निर्देश दिया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने और जाम को कम करने के उपाय किए।

इस घटना ने मंडी में व्यवस्था सुधार की आवश्यकता को उजागर किया और भविष्य में ऐसी स्थितियों से बचने के लिए उचित प्रबंधन की मांग को बल दिया।

— Buddhi Prakash Mali

कृषि

सोनकच्छ विधानसभा में मां नर्मदा का आगमन, 180 गांवों में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध



मां नर्मदा काली सिंध लिंक परियोजना के तहत मां नर्मदा का सोनकच्छ विधानसभा में आगमन हुआ। यह समारोह ग्राम तालोद के पंप स्टेशन पर आयोजित किया गया, जहाँ हजारों किसान एवं ग्रामीणों ने जल के आगमन को देख उत्सव मनाया।

विधानसभा सदस्य डॉ. राजेश सोनकर ने मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और अतिथियों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। दो महीने की निरंतर कोशिशों के बाद मां नर्मदा का पानी अब विधानसभा के 180 गांवों तक पहुँच गया, जिससे किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध होगा।

समारोह में साधु-संतों की उपस्थिति में दूध अभिषेक तथा चुनरी चढ़ाई गई। साथ ही 180 गांवों के मंदिरों में स्थापित करने हेतु कलश वितरित किए गए।

इस जल आपूर्ति से किसानों को फसल उत्पादन में वृद्धि की आशा है और क्षेत्र में खुशहाली का माहौल बनेगा।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री जितेंद्र सिंह ठाकुर ने किया और हजारों किसान, ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

— Buddhi Prakash Mali

अपराध

टिकमगढ़ में अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, ग्रामीणों ने शव रख कर जाम लगाया



टिकमगढ़ के बुडेरा थाना क्षेत्र में कार्तिक नहाने, पैदल मंदिर जा रही एक महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मृतक का शव लेकर निकटवर्ती लक्ष्मणपुरा गांव के पास प्रदर्शन किया और सड़क पर जाम लगा दिया। पहुंचे, स्थिति को नियंत्रित करने और जांच शुरू करने की कोशिश की।

पुलिस ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है और जिम्मेदार वाहन का पता लगाने के लिए सभी संभव कदम उठाए जाएंगे।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

नवजात शिशु की मृत्यु पर न्याय की मांग, जिला कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा गया



28 अगस्त 2026 को उप स्वास्थ्य केंद्र मड़ियादौ, तहसील हटा, जिला दमोह में प्रसव के दौरान कथित चिकित्सकीय लापरवाही से नवजात शिशु की मृत्यु के गंभीर मामले को लेकर आज जिला कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष प्रमुख रूप से निम्नलिखित मांगें रखी गईं—

1. पीड़ित परिवार को ₹50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

2. मामले में जिम्मेदार चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किया जाए।

3. पूरे प्रकरण की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

4. दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए।

5. समस्त मांगों पर 15 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

यह घटना उप स्वास्थ्य केंद्र मड़ियादौ, तहसील हटा, जिला दमोह में हुई, जहाँ मिथलेश पति प्रदीप पाल निवासी मड़ियादौ के नवजात शिशु की मृत्यु हुई। परिवार ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद न्याय और मुआवजे की मांग की है।

जिला कलेक्ट्रेट ने ज्ञापन प्राप्त किया है और प्रशासनिक कार्रवाई के लिए आवश्यक कदम उठाने का वचन दिया है। यह मामला ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं में चिकित्सकीय लापरवाही के प्रति समाज की चिंताओं को उजागर करता है।

आशा है कि संबंधित अधिकारी 15 दिन के भीतर मांगी गई कार्रवाई करेंगे और इस मामले की पूरी जांच एवं न्याय सुनिश्चित करेंगे।

— Buddhi Prakash Mali

अपराध

राहुल सोलंकी के खिलाफ नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोप पर समाज ने धरना प्रदर्शन किया



* BREAKING | सेंधवा*

सेंधवा सिटी थाने पर सर्व आदिवासी समाज का प्रदर्शन, नाबालिग बेटी के मामले में 15 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर जताया आक्रोश

डॉक्टर रेलाश सेनानी एवं समाज के लोगों ने एसडीओपी व टीआई से सवाल पूछा कि इतनी गंभीर घटना में आरोपी अब तक खुलेआम कैसे घूम रहे हैं? इससे पीड़िता और गवाहों को भी खतरा हो सकता हैं

डॉ रेलाश सेनानी एवं आदिवासी समाज जनों ने बताया कि 2 नवंबर को FIR दर्ज होने के बाद भी आज तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होने के कारण शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे इस गंभीर अपराध के खिलाफ कड़ी सजा और त्वरित न्याय की मांग कर रहे हैं।

समाज ने पुलिस को मामले की पूरी जांच करने और आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया में लाने का आग्रह किया।

धारणा में उपस्थित लोग यह भी चाहते हैं कि भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने के लिए जागरूकता और सुरक्षा उपाय बढ़ाए जाएँ।

का अल्टीमेटम* दिया है। गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस दौरान विधायक से भी सवाल उठाया गया कि मुख्य आरोपी के मामले में वे मौन क्यों हैं?

#Sendhwa #Need24News #Barwani #AdivasiSamaj #BetiKoNyayDo #SendhwaNews

— DINESHNEED24

स्थानीय

अनूपपुर कोतमा के अंतर्गत जर्राटोला में सड़क हादसा



अनूपपुर कोतमा के अंतर्गत स्थित जर्राटोला गाँव में एक सड़क हादसा हुआ।

हादसे का स्थान स्थानीय प्रशासन के रिकॉर्ड में अनूपपुर कोतमा क्षेत्र के भीतर दर्ज किया गया है।

वर्तमान में घटना स्थल पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर यह पुष्टि की गई है कि यह दुर्घटना स्थानीय स्तर पर रिपोर्ट की गई है।

दुखद घटना

लगभग एक घंटे पहले कोतमा थानांतर्गत ज़र्राटोला आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई है। इस गंभीर सड़क दुर्घटना में 3 छोटे बच्चे, 1 महिला और 3 पुरुष घायल हुए हैं।

दुखद रूप से, इस हादसे में 3 लोगों की मृत्यु हो गई है।

वर्तमान में हताहतों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

सभी को उपचार एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोतमा ले जाया गया है।

— Dinkar Kumar Mahara

स्थानीय

अनूपपुर के खोडरी गांव में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर



दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत मासूम सहित 3 की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल ।

अनूपपुर जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम खोडरी में मंगल वार को एक दर्द नाक सड़क हादसा सामने आया।

जर्राटोला पंचायत अंतर्गत आरोग्यधाम मंदिर के ठीक सामने दो बाईकों की जोड़ दार भिड़ंत हो गई ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों बाइकों में बच्चों सहित कुल सात लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा पहुंचाया गया।

घायलों में महिला ज्योति अगरिया (उम्र लगभग 32 वर्ष), हंसराज पिता जयपाल निवासी निमहा सहित दो बच्चे शामिल हैं। इन सभी का कोतमा अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं चार घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतकों में एक बच्चा और दो युवक शामिल हैं। मृतक छताई निवासी बताए जा रहे हैं। हालांकि, मृतकों की आधिकारिक पहचान और हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या की पुष्टि संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जाना बाकी है।

फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। हादसे के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

अनूपपुर दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत मासूम अहिंत 3 की मौत, 4 गम्भीर घायल

अनूपपुर जिले के खोडरी गांव में दो बाइकों की

तुरंत मौके पर पहुँचा और दोनों सवारों की स्थिति का सर्वेक्षण किया।

पुलिस ने बताया कि टक्कर के कारण कोई गंभीर चोट या मृत्यु की सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है और दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

स्थानीय प्रशासन ने निवासियों से अनुरोध किया है कि वे सड़कों पर गति सीमा का पालन करें और ट्रैफ़िक नियमों का उल्लंघन न करें।

— Dinkar Kumar Mahara

स्थानीय

कोतमा में भीषण सड़क हादसा, 3 मृत, 7 घायल



कोतमा में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई।

इस दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु हुई।

साथ ही सात लोगों को विभिन्न प्रकार की चोटें आईं।

— Brijesh Kumar Lodhi

विदिशा में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया, SIT गठित



विदिशा में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी चंदू मियां को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के अवैध निर्माण पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया।

मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम (SIT) गठित की गई है। SIT के अंतर्गत पुलिस अन्य संभावित पीड़िताओं के मामलों की भी जाँच कर रही है।

इसके अलावा, इलाके में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की घटना से बचाव हो सके।

— Ankit Parihar

खाकी की नाक के नीचे चल रहा जुए का अवैध साम्राज्य: खैरहा के लखबरिया जंगलों में बेखौफ जारी है राकेश का जुआ फड़!



शहडोल:

हुए जुआरियों और सट्टेबाजों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी एक बानगी शहडोल जिले के खैरहा थाना क्षेत्र से सामने आ रही है। खैरहा पुलिस की कथित निष्क्रियता और सुस्त रवैये के चलते लखबरिया के घने जंगलों में जुए का अवैध फड़ बेखौफ संचालित हो रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह अवैध कारोबार राकेश नामक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिस पर पुलिस की मेहरबानी चर्चा का विषय बनी हुई है।

जंगल बन चुके हैं जुआरियों की महफिलें

आम दिनों में शांति और हरियाली के लिए जाने जाने वाले लखबरिया के जंगल अब जुआरियों की शरणस्थली बन चुके हैं। सुरक्षा और पुलिस की नजरों से दूर इन घने जंगलों में प्रतिदिन लाखों के दांव लगाए जा रहे हैं। दूर-दराज से लग्जरी गाड़ियों और बाइकों से जुआरियों का आना-जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि इस अवैध कारोबार को किसी बड़े संरक्षण प्राप्त है।

स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे गंभीर सवाल

एक तरफ जहां शासन और पुलिस के उच्च अधिकारी अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, वहीं मैदानी स्तर पर खैरहा थाने की कार्यप्रणाली इन दावों की पोल खोल रही है। आखिर क्यों खाकी की नजरें इन जंगलों तक नहीं पहुंच पा रही हैं? क्या पुलिस की इस बेरुखी के पीछे कोई मौन सहमति है या फिर जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं? यह सवाल अब स्थानीय आम जनता और जागरूक नागरिकों के जेहन में सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है।

असामाजिक गतिविधियों को मिल रहा बढ़ावा

जंगलों के बीच बेखौफ चल रहे इस जुए के फड़ के कारण आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी असुरक्षा का माहौल पैदा हो रहा है। जुए के इस खेल के कारण कई परिवार कर्ज के दलदल में धंस रहे हैं, जिससे क्षेत्र में आपराधिक प्रवृत्ति और तनाव बढ़ने की पूरी आशंका बनी हुई है।

— Dinkar Kumar Mahara

ग्वालियर के सिटी सेंटर में यूनियन बैंक के मुख्य प्रबंधक को हार्ट अटैक, कार टकराई दो स्कूटरों से



ग्वालियर के सिटी सेंटर इलाके में सोमवार शाम यूनियन बैंक के मुख्य प्रबंधक गिरिराज बघेल को कार चलाते समय अचानक हार्ट अटैक आया। सीने में तीव्र दर्द के कारण वे वाहन पर नियंत्रण खो बैठे और उनकी गाड़ी एम्पायर अपार्टमेंट के सामने एक कार व दो स्कूटरों से टकरा गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बघेल जी ने दर्द महसूस करते ही एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे कार आगे बढ़ती रही और टक्कर हुई। टक्कर के बाद चालक बेहोश अवस्था में पाया गया।

मौके पर जमा हुई भीड़ ने तुरंत हृदय-श्वसन पुनर्जीवन (सीपीआर) किया और उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान राहगीरों ने मानवता की मिसाल पेश की।

पुलिस ने बताया कि देर रात तक किसी भी वाहन चालक ने इस मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। दुर्घटना में गाड़ी से निकले मोबाइल फोन और अन्य सामान को सुरक्षित रखकर बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में जमा कर दिया गया है।

घटना के बाद स्थान पर अफरा-तफरी फैल गई, लेकिन जल्द ही पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

— Satyam Verma

भोपाल में शराबी युवकों ने एसयूवी से स्टंट, मारपीट की; ड्रग तस्करी में 20 करोड़ रुपये की बड़ी जब्ती



लांबाखेड़ा में आधी रात शराब के नशे में धुत युवकों ने एसयूवी से स्टंट किया, गाड़ी पलटा दी और मौके पर मौजूद राहगीरों व पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। पुलिस ने घटना स्थल पर मामला दर्ज किया।

पिछले डेढ़ महीने में डीआरआई, आरपीएफ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भोपाल में 20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सिंथेटिक ड्रग्स जब्त किए गए। तस्कर आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन का उपयोग दिल्ली से दक्षिण भारत तक माल भेजने के लिए कर रहे थे।

शहर में 17 वर्षीय किशोर के खिलाफ 14 वर्षीय छात्रा का अपहरण और दुष्कर्म करने का मामला दर्ज हुआ है; आरोपी अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में है। साथ ही फर्जी अधिकारी बनकर घूमने वाले एक युवक के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है।

आदमपुर छावनी के कचरा खंती में प्लास्टिक रिसाइक्लिंग प्लांट में आग लगी, जिससे धुआँ और दुर्गंध फैली; इस मामले की सुनवाई आज सुप्रीम कोर्ट में होगी। कांग्रेस ने संविधान दिवस पर आयोजित 'संविधान रक्षा मार्च' का स्थान दिल्ली से भोपाल बदल दिया, जिसमें एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य है। आउटसोर्स कर्मचारियों ने 6 दिसंबर को प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया। भोपाल को भारत का 'मोस्ट वीगन-फ्रेंडली शहर' का खिताब मिला और आज संजीवनी फार्म रिसॉर्ट्स में 'क्लॉक इट – द दिवाली एडिशन' सहित कई कार्यक्रम चल रहे हैं।

— Munendra Prasad Patel, भोपाल